Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding railway related issue pertaining to Siddhi Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): अध्यक्ष महोदया, धन्यवाद कि आज आपने शून्य काल में मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया।…(व्यवधान)

महोदया, मैंने माननीय रेल मंत्री जी को कई बार पत्र लिखकर इस विषय से अवगत कराया है और कई बार मैंने इस विषय में उनसे निवेदन किया है।…(व्यवधान) हमारे क्षेत्र के लिए यह बहुत आवश्यक मांग है, जिसे मैं आपके माध्यम से आज पुन: रेल मंत्री जी के समक्ष रखना चाहती हूं।…(व्यवधान) माननीय मंत्री पीयूष गोयल जी के समक्ष मैं अनुरोध करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में सिंगरौली जिले के गजरा-बहरा रेलवे स्टेशन और सीधी जिले के जोवा रेलवे स्टेशन से होकर इंटरसिटी एक्सप्रेस गुजरती है, जो जबलपुर तक जाती है।…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहती हूं कि जबलपुर में उच्च न्यायालय स्थित है और बड़े चिकित्सा संस्थान भी स्थित हैं।…(व्यवधान) वहां हमारे क्षेत्रीय जनों का व्यापारिक दृष्टिकोण के माध्यम से लगातार आना-जाना होता है।…(व्यवधान) इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि इन्टरसिटी एक्सप्रेस की इन दोनों स्टेशनों पर ठहराव कराने की कृपा करें, जिससे हमारे क्षेत्रीय जनों को इसकी सुविधा मिल सके।…(व्यवधान)

धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्रीमती रीती पाठक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।